NAVBHARAT (MUMBAI)
2 FEB 2015

172 मेगावाट के संयंत्र लगाएगी आइनोक्स विंड

टाटा पावर से मिले 2 ठेके

व्यापार प्रतिनिधि

मुंबई. आइनोक्स विंड (आईडब्ल्यूएल) ने टाटा पावर रिनियूएबल एनर्जी (टीपीआरईएल) से दो अनुबंध प्राप्त किए हैं. ये ठेके गुजरात तथा राजस्थान में क्रमशः 54 मेगावाट तथा 118 मेगावाट क्षमता की पवन ऊर्जा परियोजनाओं के लिए हैं. टीपीआरईएल, टाटा पावर की अनुषंगी है. आईडब्ल्यूएल गुजरात फ्लुरोकेमिकल्स लि. की सहायक कंपनी और भारत की प्रमुख पवन ऊर्जा समाधान प्रदाता में से एक है.

"आईनॉक्स विंड के सीईओ कैलाश ताराचन्दानी ने कहा कि आईनॉक्स-टाटा पावर समझौता ऐसे वक्त में हुआ है जब देश के कई राज्य बिजली की कमी से जूझ रहे है और पवन ऊर्जा, बिजली का एक भरोसेमंद और स्वच्छ वैकल्पिक स्रोत उपलब्ध कराने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है.